**प्रकीर्ण वाद संख्या** २२१/२०२० (एम.ए.सी.पी.सं.३१३/२०००)
हरिश्चन्द्र रिछारिया आदि बनाम सुशील कुमार अग्रवाल आदि
**१२.१२.२०२०**

पत्रावली आज **राष्ट्रीय लोक अदाल**त में पेश हुई। ३बी प्रार्थनापत्र पर प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को पूर्व नियत तिथि पर सुना जा चुका है।

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण हरिश्चन्द्र रिछारिया एवं श्रीमती गिरजा रिछारिया द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रस्तुत याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक २०.०२.२००२ को ₹ १९,८७,००० मय ब्याज हेतु एवार्ड पारित किया गया था, जिसके विरूद्ध विपक्षी उत्तरदाता द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एफ.ए.एफ.ओ. नं. ६६८/२००२ प्रस्तुत की गई थी, जिसमें पारित आदेश के अनुपालन में प्रार्थीगण द्वारा ₹ ६,४५,६६७ प्राप्त किये जा चुके हैं। तदोपरान्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त एफ.ए.एफ.ओ. निरस्त किये जाने के पश्चात ₹ ३२,९६,३६३ की चैक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में जमा की गयी थी, जो धनराशि भी प्रार्थीगण द्वारा प्राप्त की जा चुकी है। माननीय उच्च न्यायालय में विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा अपील प्रस्तुत करते समय ₹ २५,००० जमा किये गये थे, जो धनराशि न्यायाधिकरण में आ चुकी है। अतः प्रार्थीगण ने ₹ २५,००० मय ब्याज उन्हें दिलाये जाने की याचना की है। समर्थन में प्रार्थी हरिश्चन्द्र का शपथपत्र, एफ.ए.एफ.ओ. नं. ६६८/२००२ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनाँकित २०.०५.२०१९ की छाया प्रति, न्यायाधिकरण द्वारा एम.ए.सी.पी. सं. ३१३/२००० हरिश्चन्द्र रिछारिया आदि बनाम सुशील कुमार में पारित निर्णय दिनांकित २०.०२.२०२० की प्रमाणित प्रतिलिपि, बीमा कम्पनी के प्रार्थनापत्र बावत चेक जमा करने मय संलग्नक टैण्डर एवं गणना चार्ट की छाया प्रतियाँ, प्रार्थीगण के आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ व २ किता चेक की छाया प्रतियाँ दाखिल की गई है।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद, प्रार्थीगण द्वारा दाखिल उक्त प्रपत्रों, माननीय उच्च न्यायालय के उक्त एफ.ए.एफ.ओ., न्यायाधिकरण द्वारा प्रस्तुत याचिका में पारित निर्णय की सत्य प्रतिलिपि व कार्यालय आख्या का अवलोकन किया गया। कार्यालय आख्या के अनुसार चेक पंजिका के क्रमांक ३२ पर एफ.ए.एफ.ओ. नं. ६६८/२००२ एम.ए.सी.पी. नं. ३१३/२००० न्यू इण्डिया एश्योरेंस कं. लि. बनाम हरिश्चन्द्र रिछारिया आदि में ₹ २५,००० जमा होने का इन्द्राज है तथा न्यायालय में उपलब्ध एस.बी.आई. की पास बुक में यू.टी.आर. नं. आर बी आई ३५२१९०९१४८८६२ के अनुसार एस.बी.आई. में जमा है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थनापत्र में यह भी उल्लेख किया है कि विपक्षी बीमा कम्पनी के द्वारा दिनाँक ०१.०८.२०१९ को न्यायाधिकरण में जमा की गयी प्रतिकर राशि में से उक्त ₹ २५,००० कम करके जमा की गयी थी, जिसका उल्लेख विपक्षी बीमा कम्पनी के द्वारा चेक जमा प्रार्थनापत्र के साथ-साथ केलक्युलेशन में भी उक्त ₹ २५,००० कम करके जमा करने का उल्लेख किया गया है। प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थनापत्र के कथनों का समर्थन शपथपत्र ४सी२ में किया गया है। इस प्रकार पत्रावली पर उपलब्ध उक्त साक्ष्य से प्रार्थीगण के कथनों का समर्थन होता है। तदनुसार न्याय हित में प्रार्थीगण प्रस्तुत प्रकरण में जमाशुदा प्रतिकर की धनराशि ₹ २५,००० मय ब्याज की धनराशि बराबर-बराबर भाग में माननीय उच्च न्यायालय व न्यायाधिकरण के आदेश के अनुपालन में अपने-अपने बैंक खाते में जरिए आर.टी.जी.एस./नेफ्ट नकद प्राप्त करने के अधिकारी है।

**आदेश**

मुख्य शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के एफ.ए.एफ.ओ. नं. ६६८/२००२ न्यू इण्डिया एश्योरेंस कं. लि. बनाम हरिश्चन्द्र रिछारिया आदि एवं एम.ए.सी.पी. सं. ३१३/२००० (प्रकीर्ण वाद सं. २२१/२०२० हरिश्चन्द्र रिछारिया आदि बनाम सुशील कुमार अग्रवाल आदि) के प्रकरण में जमाशुदा धनराशि मय ब्याज प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार भुगतान कर दें:-

| Applicat/ Petitiooner | Amount in ₹ | +(%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursment | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. Harish Chandra Richharya | 12500 | 50 | Elect. Mode RTGS/NEFT | ~~2935000300060634~~ 2935000300060684 | Block Pramukh Main Road Chirgaon, Jhansi | PUNB0727900 |
| 2. Smt. Girja Richharya | 12500 | 50 | Elect. Mode RTGS/NEF | ~~2935000300060634~~ 2935000300060684 | Block Pramukh Main Road Chirgaon, Jhansi | PUNB0727900 |
| Total | 25000 | 100 | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

Account number corrected
vide order dated 15.01.2021

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी

PO, MACT, JHANSI
15.01.2021